# यूपीसीडा : तीन साल में तीन गुना हुई राजस्व वृद्धि

लखनऊ। उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने राजस्व वृद्धि में उल्लेखनीय प्रगति की है। यूपीसीडा ने 2023–24 में 1898 करोड़ रुपये और 2024–25 में अनुमानित 1937 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है, जो 2021–22 की तुलना में तीन गुना से ज्यादा है।

पिछले तीन वर्षों में यूपीसीडा ने 1600 से अधिक औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इसमें वित्तीय वर्ष 2024–25 में ही 798 भूखंड आवंटित किए गए। भूखंड आवंटन से निवेश को बढ़ावा ही नहीं, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। बीती मई में ही 113 भूखंड

## भूखंड आवंटन भी हुआ तेज, निवेश और रोजगार के बढ़े अवसर

आवंटित किए गए। इससे 700 करोड़ निवेश और 4800 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है।

प्राधिकरण ने सेवा वितरण में भी बड़े सुधार किए हैं। निवेश मित्र पोर्टल, ई नीलामी, ऑनलाइन भुगतान और शिकायत निवारण जैसी 42 सेवाओं के माध्यम से अब तक 31000 से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 96 प्रतिशत का समाधान हो चुका है।

## प्रशासनिक खर्च में 9 फीसदी की कटौती

वित्तीय अनुशासन में भी यूपीसीडा ने उल्लेखनीय सुधार किया है। इस क्रम में प्रशासनिक व्यय में 9 प्रतिशत की कटौती की है। वर्ष 2017–18 में जहां अवस्थापना व्यय 104 करोड़ रुपये था, वह 2023–24 में चार गुना बढ़कर 415 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। संस्था ने महिला सशक्तीकरण में योगदान देते हुए पिंक टॉयलेट, डॉरमेट्री, महिला हेल्पडेस्क जैसी सुविधाएं भी शुरू कीं।